**Series Z1YXW/2**

**SET ~ 3**

**प्रश्न-पत्र कोड** **4/2/3**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें । *

# हिन्दी (ब)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं ।

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल* ***18*** *प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में* ***दो*** *खण्ड हैं –* ***खण्ड अ*** *और* ***खण्ड ब*** *।*

*(iii)* ***खण्ड अ*** *में उपप्रश्नों सहित* ***45*** *बहुविकल्पी/वस्तुपरक उपप्रश्न पूछे गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 उपप्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(iv)* ***खण्ड ब*** *में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

*(v) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi) यथासंभव दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

## खण्ड अ

## (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

पृथ्वी पर लगातार ख़तरे मँडराते रहते हैं । हर साल हज़ारों की संख्या में उल्का पिंड पृथ्वी की ओर आते हैं । और इनसे कभी-कभी वैज्ञानिकों को भी ख़तरा महसूस होने लगता है । उल्का से पैदा ख़तरे से निबटने के लिए वैज्ञानिक तरीके भी खोजते रहे हैं । नासा की सोच रही है कि क्या परमाणु हथियारों के दम पर किसी ख़तरनाक उल्का पिंड को पृथ्वी से टकराने से पहले ही नष्ट किया जा सकता है ? क्या उल्का पिंड की दिशा को रॉकेट बूस्टर इत्यादि से मोड़ा जा सकता है ? अभी इन दोनों ही उपायों पर ज्यादा काम नहीं हुआ है । लेकिन वैज्ञानिकों को यह भी लगता है कि कभी कोई ज्यादा ही ख़तरनाक उल्का पिंड पृथ्वी से टकराया तो क्या होगा ? पृथ्वी के इंसान अगर ख़त्म हो गए तो क्या होगा ? एक समाधान एक अमेरिकी उद्यमी की ओर से आया है, जो काफी रोचक है । बेन हल्डमैन नामक उद्यमी 'लाइफशिप' नामक एक स्टार्टअप के संस्थापक हैं, जिनका सिर्फ एक ही अभियान है — मानव बीज बैंक बनाना । दूसरे शब्दों में कहें तो इस बैंक में मानव डीएनए को संरक्षित किया जाएगा । यह बैंक चाँद पर स्थापित होगा । अगर इस धरती पर इंसान ख़त्म हो गए, तो मानव सभ्यता को फिर शुरू करने में यह बैंक सहायक होगा ।

(i) मानव बीज बैंक में किसे संरक्षित किए जाने की योजना है ?

(a) मानव डीएनए को

(b) मानव कोशिका को

(c) मानव रक्त को

(d) मानव सभ्यता को

(ii) बेन हल्डमैन की भविष्य में इंसानों को बचाने के क्षेत्र में किए जाने वाले प्रयास को क्या कहा जा सकता है ?

(a) रोचक और विचारणीय

(b) अरोचक और विचारणीय

(c) रोचक और अविचारणीय

(d) अरोचक और अविचारणीय

(iii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

*कथन (A) :* प्रत्येक वर्ष हज़ारों की संख्या में पृथ्वी की ओर आते उल्का पिंडों को वैज्ञानिक ख़तरा मानते हैं ।

*कारण (R) :* पृथ्वी की ओर आने वाले उल्का पिंडों को परमाण्विक हथियारों से सफलतापूर्वक पूरी तरह नष्ट किया जा सकता है ।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों ग़लत हैं ।

(b) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है ।

(c) कथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(d) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(iv) मानव बीज बैंक को कहाँ स्थापित किए जाने की योजना है ?

(a) नासा में

(b) पृथ्वी पर

(c) मंगल पर

(d) चाँद पर

(v) गद्यांश के आधार पर वैज्ञानिकों के चिंतन का कारण इनमें से क्या ***नहीं*** है ?

(a) उल्का पिंड का पृथ्वी से टकराना

(b) पृथ्वी के इंसान विहीन हो जाने की स्थिति

(c) उल्का पिंड को पृथ्वी से टकराने से पहले नष्ट करना

(d) परमाणु हथियार के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभाव रोकना

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

देश के एक प्रसिद्ध आयुर्विज्ञान संस्थान के बाल रोग विभाग ने 660 बच्चों का दो साल तक गहन अध्ययन किया है । इस अध्ययन में पाँच साल तक के बच्चों को शामिल किया गया था । पता चला कि ये बच्चे एक घंटा से भी अधिक समय मोबाइल पर बिताते हैं । मोबाइल और टीवी का कुल समय पाँच घंटे निकला । यही नहीं, इनके माता-पिता भी लगभग साढ़े छह घंटे विभिन्न गैजेट्स पर बिताते हैं । इसी अध्ययन में यह भी पाया गया कि 60 प्रतिशत बच्चे सोने से पहले इन उपकरणों के इस्तेमाल के आदी हो चले हैं । यह भी एक तरह का नशा ही है, जिस पर अगर समय रहते ध्यान न दिया गया तो यह आदत आने वाली पीढ़ियों के लिए भारी मुसीबत बन सकती है । विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्पष्ट सलाह है कि दो साल तक के बच्चों के हाथों में गैजेट्स या इलैक्ट्रॉनिक उपकरण नहीं देने चाहिए । यहाँ तक कि पाँच साल की उम्र में भी इनका 'स्क्रीन टाइम' एक घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए । लेकिन संपन्न होते घरों में यह देखने को मिलता है कि इसे वे अपनी हैसियत से जोड़ने लगे हैं । ऐसा करते हुए वे भूल जाते हैं कि वे अपने बच्चों का आज ही नहीं, भविष्य भी बिगाड़ रहे हैं ।

(i) निम्नलिखित में से किस कथन को गद्यांश की सीख के आधार के रूप में कहा जा सकता है ?

(a) इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग नहीं करना चाहिए ।

(b) इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों का सीमित उपयोग करना चाहिए ।

(c) इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों को हैसियत से नहीं जोड़ना चाहिए ।

(d) इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों का आदी नहीं होना चाहिए ।

(ii) माता-पिता की कौन-सी प्रवृत्ति उनके बच्चों के लिए अनुचित है ?

(a) उनका बहुत अधिक साधन-संपन्न होना ।

(b) उनका बहुत अधिक शिक्षा संपन्न होना ।

(c) गैजेट्स को अपनी हैसियत से जोड़ना ।

(d) हैसियत के अनुरूप गैजेट्स न खरीदना ।

(iii) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(क) सोने से पूर्व गैजेट्स के उपयोग से अच्छी नींद आती है ।

(ख) आजकल के अभिभावक गैजेट्स को अपनी हैसियत का आधार मानते हैं ।

(ग) वर्तमान में गैजेट्स का उपयोग एक नशे के समान हो गया है ।

(घ) गैजेट्स का अनियंत्रित इस्तेमाल बच्चों के भविष्य के लिए हानिकारक है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से कथन गद्यांश के आधार पर सही हैं ?

(a) (क) और (घ)

(b) (ख) और (ग)

(c) (क), (ख) और (ग)

(d) (ख), (ग) और (घ)

(iv) गद्यांश के आधार पर छोटे बच्चों के हाथों में इलैक्ट्रॉनिक उपकरण दिए जाने का कारण है :

(a) बच्चों की जिद्द

(b) समय की माँग

(c) संपन्नता का दिखावा

(d) बच्चों के लिए समय का अभाव

(v) 'स्क्रीन टाइम' से क्या आशय है ?

(a) सिर्फ मोबाइल पर बिताया गया समय

(b) सिर्फ टीवी पर बिताया गया समय

(c) सिर्फ लैपटॉप पर बिताया गया समय

(d) उपर्युक्त तीनों पर बिताया गया समय

**3.** निर्देशानुसार 'रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) जब भी वह पढ़ने बैठता, मुन्नी बाबू को कोई न कोई काम निकल आता । — रचना के आधार पर वाक्य-भेद बताइए ।

(a) विधानवाचक वाक्य

(b) सरल वाक्य

(c) संयुक्त वाक्य

(d) मिश्र वाक्य

(ii) "अल्मोड़ा में जन्मे सुमित्रानंदन पंत ने बचपन से ही कविता लिखना शुरू कर दिया था ।" — इस वाक्य का संयुक्त वाक्य में रूपांतरित वाक्य कौन-सा है ?

(a) सुमित्रानंदन पंत का जन्म अल्मोड़ा में हुआ था और उन्होंने बचपन से ही कविता लिखना शुरू कर दिया था ।

(b) अल्मोड़ा से संबंधित सुमित्रानंदन पंत ने बचपन से ही कविता लिखना शुरू कर दिया ।

(c) अल्मोड़ा में जन्म लेने के कारण सुमित्रानंदन पंत ने बचपन से ही कविता लिखना शुरू कर दिया था ।

(d) सुमित्रानंदन पंत, जिनका जन्म अल्मोड़ा में हुआ था, ने बचपन से ही कविता लिखना शुरू कर दिया था ।

(iii) निम्नलिखित वाक्यों में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) संयुक्त वाक्य में दो या दो से अधिक वाक्य संयोजक द्वारा जुड़े रहते हैं ।

(b) किसी वाक्य को दूसरे प्रकार के वाक्य में परिवर्तित करना ही वाक्य रूपांतरण है ।

(c) सरल वाक्य में एक ही उद्देश्य और एक ही विधेय होता है ।

(d) मिश्र वाक्य में उसके उपवाक्यों का अपना स्वतंत्र अस्तित्व भी होता है ।

(iv) निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य सरल वाक्य ***नहीं*** है ?

(a) उसका बंदरिया जैसा चेहरा और भी अजीब लगता ।

(b) वह पाँचवीं और आठवीं श्रेणी को अंग्रेज़ी स्वयं पढ़ाते थे ।

(c) मैं बहुत प्रयत्न करता परंतु उस पहेली का हल नहीं मिलता ।

(d) मुझे बचपन में घास अधिक हरी और मनमोहक लगती थी ।

(v) "मैं भाई साहब की सहिष्णुता का अनुचित लाभ उठाने लगा ।" — रचना की दृष्टि से यह है :

(a) सरल वाक्य

(b) मिश्र वाक्य

(c) साधारण वाक्य

(d) संयुक्त वाक्य

**4.** निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) "<u>सातवीं-आठवीं के कुछ विद्यार्थी</u> हमें उनके बारे में बताया करते थे ।" — रेखांकित पदबंध है :

(a) संज्ञा पदबंध

(b) सर्वनाम पदबंध

(c) विशेषण पदबंध

(d) क्रिया-विशेषण पदबंध

(ii) "बड़े-बड़े बिल्डर कई सालों से समंदर को पीछे ढकेलकर उसकी ज़मीन को हथिया रहे थे ।"

(क) बड़े-बड़े बिल्डर

(ख) पीछे ढकेलकर

(ग) उसकी ज़मीन को

(घ) हथिया रहे थे

उपर्युक्त पदबंधों में से क्रिया-विशेषण पदबंध का/के उदाहरण है/हैं :

(a) केवल (ग)

(b) केवल (ख)

(c) (ख) और (घ)

(d) (क) और (ग)

(iii) "वह महिमामय व्यक्तित्व पूरी तरह उसकी आत्मा में उतर चुका है ।" — इस वाक्य में क्रिया पदबंध है :

(a) वह महिमामय व्यक्तित्व

(b) पूरी तरह उसकी

(c) उसकी आत्मा में

(d) उतर चुका है

(iv) "मास्टर प्रीतम चंद का दुबला-पतला गठीला शरीर था ।" — वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद है :

(a) सर्वनाम पदबंध

(b) संज्ञा पदबंध

(c) विशेषण पदबंध

(d) क्रिया-विशेषण पदबंध

(v) "दूसरों की सहायता करने वाले आप महान हैं ।" — इस वाक्य में रेखांकित पदबंध का उपयुक्त भेद है :

(a) संज्ञा पदबंध

(b) सर्वनाम पदबंध

(c) क्रिया पदबंध

(d) विशेषण पदबंध

**5.** निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) 'ज़हर लगना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ है :

(a) बहुत बुरा लगना

(b) बहुत कड़वा लगना

(c) बहुत विषैला होना

(d) विष का असर होना

(ii) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

(क) हाथ लगना — छू/स्पर्श हो जाना

(ख) हाथ से निकलना — छूटकर गिर जाना

(ग) हाथों में लेना — ज़िम्मेदारी लेना

(घ) हाथों-हाथ लेना — आवभगत करना

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही, सुमेलित युग्म हैं ?

(a) केवल (क)

(b) केवल (ख)

(c) (ग) और (घ)

(d) (ख) और (घ)

(iii) निम्नलिखित में से 'धोखा देना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा पहचान कर लिखिए :

(a) आँखों में आँसू आना

(b) आँखों में धूल झोंकना

(c) अंधे के हाथ बटेर लगना

(d) घर से बेघर करना

(iv) "छोटे भाई की लापरवाही देखकर बड़े भाई साहब ने उसे ________ ।" नीचे दिए गए मुहावरों में से उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।

(a) हाथों-हाथ लेना

(b) सीधे हाथ लेना

(c) सिर-माथे लेना

(d) आड़े हाथों लेना

(v) 'दबदबा होना' अर्थ के लिए निम्नलिखित मुहावरों में से उपयुक्त मुहावरा है :

(a) हेकड़ी जताना

(b) खाल खींचना

(c) चमड़ी उधेड़ना

(d) तूती बोलना

(vi) "मेरे दरजे में आओगे तो __________ जाएगा ।" रिक्त स्थान की पूर्ति नीचे दिए गए उपयुक्त मुहावरे से कीजिए ।

(a) किस्सा ख़त्म होना

(b) काम तमाम होना

(c) गाँठ बाँध लेना

(d) दाँतों पसीना आना

**6.** 'समास' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) अव्ययीभाव समास में कौन-सा पद प्रधान होता है ?

(a) पूर्व पद

(b) उत्तर पद

(c) दोनों पद

(d) अन्य पद

(ii) 'युधिष्ठिर' शब्द किस समास का उदाहरण है ?

(a) द्वंद्व समास

(b) तत्पुरुष समास

(c) बहुव्रीहि समास

(d) अव्ययीभाव समास

(iii) 'कीर्तिगान' समस्तपद का सही समास विग्रह कौन-सा है ?

(a) कीर्ति और गान

(b) कीर्ति रूपी गान

(c) कीर्ति के लिए गान

(d) कीर्ति का गान

(iv) निम्नलिखित में बहुव्रीहि समास का उपयुक्त उदाहरण है :

(a) फ़िल्मनिर्माता

(b) कलामर्मज्ञ

(c) संगीतकार

(d) स्वयंभू

(v) 'दयानिधान' समस्तपद का सही समास विग्रह और भेद किस विकल्प में है ?

(a) दया का निधान — तत्पुरुष समास

(b) दया रूपी निधान — कर्मधारय समास

(c) दया और निधान — द्वंद्व समास

(d) दया है निधान जिसका — बहुव्रीहि समास

**7.** पठित पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) तोप पर बैठी चिड़ियाँ हमें क्या संदेश देती है ?

(a) जीवन नश्वर और क्षणभंगुर है

(b) बाहरी आक्रांताओं से सावधान रहना चाहिए

(c) विरासत में मिली चीज़ों को सँभालकर रखना चाहिए

(d) अत्याचारी का अंत एक न एक दिन अवश्यंभावी है

(ii) निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए :

(क) विपदा के समय ईश्वर अपने भक्तों की स्वयं ही सहायता करते हैं ।

(ख) कवि ईश्वर से अपने कर्मों के सकारात्मक परिणाम की अपेक्षा रखते हैं ।

(ग) विपरीत परिस्थितियों में आत्मबल और पुरुषार्थ का साथ नहीं छोड़ना चाहिए ।

(घ) विपरीत परिस्थितियों में ईश्वर के अस्तित्व पर संदेह नहीं करना चाहिए ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से कथन 'आत्मत्राण' कविता से प्राप्त संदेश को दर्शाते हैं ?

(a) (क) और (ख)

(b) (ख) और (ग)

(c) (ग) और (घ)

(d) (क) और (घ)

**8.** पठित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) 'तीसरी कसम' फ़िल्म निर्माण के पीछे शैलेन्द्र का क्या उद्देश्य था ?

(a) आत्म संतुष्टि के सुख की कामना

(b) अपार संपत्ति के सुख की कामना

(c) अपार यश के सुख की कामना

(d) साहित्य संरक्षण के सुख की कामना

(ii) 'झेन की देन' पाठ से हमें क्या सीख मिलती है ?

(a) हमें अपने से बड़े देशों से कभी प्रतिस्पर्धा नहीं करनी चाहिए ।

(b) हमें सिर्फ अपने से छोटे देशों से ही प्रतिस्पर्धा रखनी चाहिए ।

(c) हमें वर्तमान से अधिक अतीत और भविष्य की चिंता करनी चाहिए ।

(d) हमें अतीत और भविष्य की चिंता त्याग कर वर्तमान में जीना चाहिए ।

**9.** पठित काव्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

राह कुर्बानियों की न वीरान हो
तुम सजाते ही रहना नए काफ़िले
फ़तह का जश्न इस जश्न के बाद है
ज़िंदगी मौत से मिल रही है गले
बाँध लो अपने सर से कफ़न साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो ।

(i) सैनिकों की देशवासियों से क्या अपेक्षा है ?

(a) देश की सुरक्षा की

(b) देश के उत्थान की

(c) देश के विस्तार की

(d) देश के विकास की

(ii) निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए :

(क) सैनिक सर पर कफ़न बाँधने की बात करते हैं क्योंकि उनके जीवन का अंत निकट है ।

(ख) सैनिक सर पर कफ़न बाँधने की बात करते हैं क्योंकि वे अत्यंत घायल अवस्था में हैं ।

(ग) सैनिक सर से कफ़न बाँधने की बात करते हैं क्योंकि देशहित में मृत्यु का भी सामना करना पड़ सकता है ।

(घ) सैनिक सर से कफ़न बाँधने की बात करते हैं क्योंकि युद्ध के दौरान ऐसा करने की एक प्राचीन परंपरा है ।

पद्यांश से मेल खाते हुए उपर्युक्त कथन/कथनों के लिए नीचे दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प का चयन कीजिए :

(a) केवल (ख)

(b) केवल (ग)

(c) (क) और (ख)

(d) (ग) और (घ)

(iii) कवि किस काफ़िले को सजाने की बात कह रहा है ?

(a) सीमा पर रसद पहुँचाने वाले काफ़िले को

(b) सीमा पर भोजन पहुँचाने वाले काफ़िले को

(c) देश की सीमा पर तैनात सैनिकों के काफ़िले को

(d) देश की रक्षा हेतु तत्पर सैनिकों के काफ़िले को

(iv) पद्यांश में 'कट गए सर हमारे' में 'हमारे' संबोधन का प्रयोग किसके लिए हुआ है ?

(a) देश की रक्षा हेतु कुर्बान होते सैनिकों के लिए

(b) देश की रक्षा हेतु घायल होते सैनिकों के लिए

(c) देश की सीमाओं पर पहरा देते सैनिकों के लिए

(d) देश के उत्तरी क्षेत्रों में तैनात सैनिकों के लिए

(v) 'राह कुर्बानियों की न वीरान हो' पंक्ति में किस 'राह' की बात की गई है ?

(a) मातृभूमि की रक्षा हेतु अहिंसा की राह

(b) मातृभूमि की रक्षा हेतु बलिदान की राह

(c) दुश्मनों से अहिंसात्मक बदला लेने की राह

(d) दुश्मनों से शांतिपूर्ण समझौता करने की राह

**10.** पठित गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

बड़े बाज़ार के प्रायः मकानों पर राष्ट्रीय झंडा फहरा रहा था और कई मकान तो ऐसे सजाए गए थे कि ऐसा मालूम होता था कि मानो स्वतंत्रता मिल गई हो । कलकत्ते के प्रत्येक भाग में ही झंडे लगाए गए थे । जिस रास्ते से मनुष्य जाते थे, उसी रास्ते में उत्साह और नवीनता मालूम होती थी । लोगों का कहना था कि ऐसी सजावट पहले नहीं हुई । पुलिस भी अपनी पूरी ताकत से शहर में गश्त देकर प्रदर्शन कर रही थी । मोटर लारियों में गोरखे तथा सारजेंट प्रत्येक मोड़ पर तैनात थे । कितनी ही लारियाँ शहर में घुमाई जा रही थीं । घुड़सवारों का प्रबंध था । कहीं भी ट्रैफिक पुलिस नहीं थी, सारी पुलिस को इसी काम में लगाया गया था । बड़े-बड़े पार्कों तथा मैदानों को पुलिस ने सवेरे से ही घेर लिया था । मोनुमेंट के नीचे जहाँ शाम को सभा होने वाली थी उस जगह को तो भोर में छह बजे से ही पुलिस ने बड़ी संख्या में घेर लिया था ।

(i) घुड़सवारों का प्रबंध किसकी ओर से किया गया था ?

(a) पुलिस प्रशासन

(b) कांग्रेस कौंसिल

(c) स्थानीय समिति

(d) केन्द्र सरकार

(ii) बड़े बाज़ार के मकानों को सजाने और उन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का क्या कारण था ?

(a) स्वतंत्रता प्राप्ति की खुशी मनाना

(b) स्वतंत्रता दिवस की वर्षगाँठ मनाना

(c) लोगों में उत्साह और नवीनता का संचार करना

(d) लोगों में देशभक्ति की भावना का संचार करना

(iii) शहर में कहीं भी ट्रैफ़िक पुलिस क्यों नहीं थी ?

(a) ट्रैफ़िक पुलिस गश्त के काम में लगी थी ।

(b) उस दिन शहर में कोई ट्रैफ़िक नहीं था ।

(c) ट्रैफ़िक पुलिस आज़ादी का उत्सव मना रही थी ।

(d) ट्रैफ़िक पुलिस को निरस्त कर दिया गया था ।

(iv) शहर के प्रत्येक मोड़ पर मोटर लारियों में गोरखे तथा सारजेंट क्यों तैनात थे ?

(a) कार्यक्रम के दौरान होने वाली हिंसा को रोकने के लिए

(b) सरकारी आदेशानुसार कर्तव्य का निर्वाह करने के लिए

(c) शाम को होने वाली सभा का प्रबंध करने के लिए

(d) शाम को होने वाली सभा में सम्मिलित होने के लिए

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

*कथन (A) :* पुलिस ने बड़ी संख्या में पार्कों तथा मैदानों को घेर लिया था ।

*कारण (R) :* पुलिस अपनी पूरी ताकत से शहर में गश्त देकर प्रदर्शन कर रही थी ।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों ग़लत हैं ।

(b) कथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(c) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी ग़लत व्याख्या करता है ।

(d) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

## खण्ड ब
## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11.** गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए कि लेखक की माँ पर्यावरण संरक्षण के प्रति क्यों सजग थीं । उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

(ख) तताँरा बार-बार वामीरो से गीत को पूरा करने का आग्रह क्यों कर रहा था ? गीत पूरा करने के आग्रह में उसके व्यक्तित्व की कौन-सी विशेषता उभर कर आती है ?

(ग) बड़े भाई साहब के व्यवहार में छोटे भाई के प्रति नरमी क्यों आ गई थी ? 'बड़े भाई साहब' पाठ के आधार पर लिखिए ।

**12.** पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए : *2×3=6*

(क) पठित कविता के आधार पर वाणी के संबंध में कबीर के विचारों पर प्रकाश डालिए ।

(ख) 'मनुष्यता' कविता में 'विचार लो कि मर्त्य हो' कहकर कवि पाठकों को क्या संदेश देना चाहता है ?

(ग) 'पर्वत प्रदेश में पावस' के आधार पर लिखिए कि शाल के वृक्ष कहाँ चले गए और क्यों ।

**13.** पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए : *2×3=6*

(क) "आस्था के प्रतीक धर्मस्थान, मानव को जीवन में सन्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं ।" 'हरिहर काका' कहानी के संदर्भ में इस कथन के पक्ष या विपक्ष में तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए ।

(ख) 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए कि मास्टर प्रीतमचंद जैसे अध्यापकों को मुअत्तल किए जाने को आप कहाँ तक उचित मानते हैं और क्यों । पक्ष या विपक्ष में तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए ।

(ग) 'टोपी शुक्ला' पाठ के नायक टोपी शुक्ला की परेशानियों को देखते हुए आप शिक्षा-व्यवस्था में किस तरह के सुधार लाना चाहेंगे ?

**14.** (क) 'मधुर वचन है औषधि' शीर्षक पर लगभग 100 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) आपका नाम मानव/मानवी है । आपने ऑनलाइन टेलीविज़न खरीदा है और अब आप उसके लिए विस्तारित आश्वासन (एक्सटैंडिड वारंटी) की सुविधा प्राप्त करना चाहते हैं । इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु कंपनी के ई-मेल पते पर लगभग 100 शब्दों में ई-मेल लिखिए । *5*

**15.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *1×5=5*

(क) स्वदेशी उत्पाद : समग्र विकास का आधार

- क्या है ?
- आवश्यकता क्यों ?
- भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव
- सुझाव

(ख) आत्मानुशासन : शिक्षा का आधार

- क्या है ?
- प्राप्ति के उपाय
- शिक्षा में भूमिका
- सकारात्मक प्रभाव

(ग) बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ

- वर्तमान में आवश्यकता क्यों ?
- भारतीय समाज पर प्रभाव
- बाधाएँ
- सुझाव

**16.** (क) आप क.ख.ग. नगर निवासी मोहन रैना/मोहिनी रैना हैं । अपने क्षेत्र में जल-भराव से उत्पन्न समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए लगभग 100 शब्दों में नगर-निगम अधिकारी को पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) आप अ.ब.स. नगर निवासी अदम्य विश्वकर्मा/आद्या विश्वकर्मा हैं । आपके क्षेत्र के पार्क को अब तक कूड़ेदान की तरह इस्तेमाल किया जा रहा था । नगर-निगम की पहल और सहयोग से वह पुनः सुंदर पार्क बन गया है । इसके लिए नगर-निगम आयुक्त को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए । *5*

**17.** (क) आप भूपेन्द्र नौटियाल/भूपाली नौटियाल हैं और अनुग्रह माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी परिषद् के/की खेल सचिव हैं । विद्यालय में आयोजित होने वाले फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का विवरण देते हुए लगभग 80 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) आप रोमिल टिक्कू/रोमिला टिक्कू हैं और ग़ैर-सरकारी संगठन 'मिलाप' के अध्यक्ष/की अध्यक्षा हैं । आपका संगठन खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देना चाहता है । जनसामान्य को इसकी जानकारी देने के लिए लगभग 80 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए । *4*

**18.** (क) एक बार प्रयोग में लाए जाने वाले प्लास्टिक के उत्पादों के नकारात्मक प्रभावों के प्रति आम लोगों में जागरूकता लाने के लिए पर्यावरण मंत्रालय की ओर से लगभग 60 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) 'सोलर हीटर' बनाने वाली कंपनी 'निशांतरश्मि' के प्रचार-प्रसार के लिए लगभग 60 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। *3*

**<u>अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु</u>**

# सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2023

## अंक-योजना

## हिंदी 'ब' विषय कोड—085

## प्रश्न-पत्र कोड-- 4/2/1, 4/2/2, 4/2/3

सामान्य निर्देश:-

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा- प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किये गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है | इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा- प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है | इस नीति /दस्तावेज को किसी को भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना IPC के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है |

3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करे और आश्वस्त हो कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर-पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (×) । मूल्यांकन-कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हो तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर दायीं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग बायीं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

7. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

8. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

9. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0--80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

11. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं-

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर में दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर-पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्दों में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि।
- उत्तरों पर सही का चिह्न (√) लगाना किंतु अंक न देना।

13. प्रत्येक परीक्षक यह भी सुनिश्चित करेगा कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जाए, शीर्षक पृष्ठ की गई प्रविष्टि सही हो तथा कुल अंकों को आंकड़ों और शब्दों में लिखे।

14. उम्मीदवार निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। अतः सभी मुख्य परीक्षकों/ अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ परीक्षकों/ समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार मूल्यांकन किया जाए।

## अंक योजना

## हिंदी 'ब'

| प्रश्न सं. | 4/2/1 | 4/2/2 | 4/2/3 | मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **खंड अ**<br>**वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर** | |
| **1** | **1** | **2** | **1** | **अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न :<br>(i) (a) मानव डीएनए को<br>(ii) (a) रोचक और विचारणीय<br>(iii) (b) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।<br>(iv) (d) चाँद पर<br>(v) (d) परमाणु हथियार के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभाव रोकना | **5 x 1 = 5** |
| **2** | **2** | **1** | **2** | **अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न :<br>(i) (b) इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों का सीमित उपयोग करना चाहिए।<br>(ii) (c) गैजेट्स को अपनी हैसियत से जोड़ना।<br>(iii) (d) (ख), (ग) और (घ)<br>(iv) (c) संपन्नता का दिखावा<br>(v) (d) उपर्युक्त तीनों पर बिताया गया समय | **5 x 1 = 5** |
| **3** | **3** | **6** | **4** | **'पदबंध'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (a) संज्ञा पदबंध<br>(ii) (b) केवल (ख)<br>(iii) (d) उतर चुका है<br>(iv) (c) विशेषण पदबंध<br>(v) (b) सर्वनाम पदबंध | **4 x 1 = 4** |
| **4** | **4** | **-** | **-** | **'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (c) मिश्र वाक्य<br>(ii) (c) जब मैं प्रात:काल नाश्ता कर लेता तब पढ़ने बैठ जाता हूँ।<br>(iii) (a) वाक्य संरचना की दृष्टि से वाक्य के मुख्य तीन भेद होते हैं।<br>(iv) (a) उन्होंने डोर पकड़ ली और होस्टल की तरफ दौड़े।<br>(v) (b) सरल वाक्य | **4 x 1 = 4** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | 4 | - | **‘रचना के आधार पर वाक्य भेद’** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (c) मिश्र वाक्य<br>(ii) (b) जो स्त्रियाँ मोनुमेंट की सीढ़ियों पर थीं वे झंडा फहराकर घोषणा पढ़ रही थीं।<br>(iii) (a) वाक्य का रूप परिवर्तित करते समय उसका अर्थ परिवर्तित नहीं होना चाहिए।<br>(iv) (b) जो समझ अनुभव से आती है वो किताबों से नहीं आती।<br>(v) (b) सरल वाक्य | **4 x 1 = 4** |
| | - | - | 3 | **‘रचना के आधार पर वाक्य भेद’** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (d) मिश्र वाक्य<br>(ii) (a) सुमित्रानंदन पंत का जन्म अल्मोड़ा में हुआ था और उन्होंने बचपन से ही कविता लिखना शुरू कर दिया था।<br>(iii) (d) मिश्र वाक्य में उसके उपवाक्यों का अपना स्वतंत्र अस्तित्व भी होता है।<br>(iv) (c) मैं बहुत प्रयत्न करता परंतु उस पहेली का हल नहीं मिलता।<br>(v) (a) सरल वाक्य | **4 x 1 = 4** |
| **5** | **5** | - | - | **‘समास’** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (a) तत्पुरुष समास<br>(ii) (c) तत्पुरुष समास<br>(iii) (c) देह का अवसान<br>(iv) (b) चक्रपाणि<br>(v) (a) दु:ख रूपी ताप — कर्मधारय समास | **4 x 1 = 4** |
| **5** | - | **5** | - | **‘समास’** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (d) तत्पुरुष समास<br>(ii) (a) जन्म से सिद्ध<br>(iii) (c) बहुव्रीहि समास में<br>(iv) (a) नील गगन<br>(v) (b) जीवन पर्यंत – अव्ययीभाव समास | **4 x 1 = 4** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **5** | **-** | **-** | **6** | **'समास'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (a) पूर्व पद<br>(ii) (b) तत्पुरुष समास<br>(iii) (d) कीर्ति का गान<br>(iv) (d) स्वयंभू<br>(v) (a) दया का निधान – तत्पुरुष समास | **4 x 1 = 4** |
| **6** | **6** | **3** | **5** | **'मुहावरे'** पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (a) बहुत बुरा लगना<br>(ii) (c) (ग) और (घ)<br>(iii) (b) आँखों में धूल झोंकना<br>(iv) (d) आड़े हाथों लेना<br>(v) (d) तूती बोलना<br>(vi) (d) दाँतों पसीना आना | **4 x 1 = 4** |
| **7** | **7** | **8** | **9** | **'पठित पद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :<br>(i) (a) देश की सुरक्षा की<br>(ii) (b) केवल (ग)<br>(iii) (d) देश की रक्षा हेतु तत्पर सैनिकों के काफ़िले को<br>(iv) (a) देश की रक्षा हेतु कुर्बान होते सैनिकों के लिए<br>(v) (b) मातृभूमि की रक्षा हेतु बलिदान की राह | **5 x 1 = 5** |
| **8** | **8** | **7** | **7** | **'पाठ्यपुस्तक के पद्य पाठों'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :<br>(i) (d) अत्याचारी का अंत एक न एक दिन अवश्यंभावी है<br>(ii) (c) (ग) और (घ) | **2 x 1 = 2** |
| **9** | **9** | **10** | **10** | **'पठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :<br>(i) (a) पुलिस प्रशासन<br>(ii) (b) स्वतंत्रता दिवस की वर्षगाँठ मनाना<br>(iii) (a) ट्रैफ़िक पुलिस गश्त के काम में लगी थी।<br>(iv) (b) सरकारी आदेशानुसार कर्तव्य का निर्वाह करने के लिए<br>(v) (c) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी ग़लत व्याख्या करता है। | **5 x 1 = 5** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **10** | **10** | **9** | **8** | **'पाठ्यपुस्तक के पद्य पाठों'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :<br>(i) (a) आत्म संतुष्टि के सुख की कामना<br>(ii) (d) हमें अतीत और भविष्य की चिंता त्याग कर वर्तमान में जीना चाहिए। | **2 x 1 = 2** |
| | | | | **खंड ब**<br>**वर्णनात्मक प्रश्न** | |
| **11** | **11** | **-** | **-** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>(क)<br>• दीया-बाती के वक्त फूलों को मत तोड़ो, फूल बद्दुआ देते हैं।<br>• दरिया पर जाओ तो उसे सलाम किया करो, वह खुश होता है।<br>• कबूतरों को मत सताया करो, वे हज़रत मोहम्मद को अज़ीज़ हैं।<br>• मुर्गे को परेशान नहीं किया करो, वह मुल्ला जी से पहले अज़ान देकर सबको जगाता है।<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित)<br>**जीवन मूल्य-**<br>प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता<br>(ख)<br>• मुक्त उत्तर स्वीकार्य<br>• विद्यार्थियों की उचित तार्किक अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन<br><br>(ग)<br>• भावुक एवं संवेदनशील कवि<br>• सिनेमा की चकाचौंध के बीच रहते हुए भी यश और धन-लिप्सा की कामना न करना<br>• आत्म-संतुष्टि को ही सच्चा सुख मानना<br>• फिल्म निर्माता के रूप में कर्तव्यों के निर्वाह के प्रति सजग<br>(किन्हीं तीन बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | **2 x 3 = 6**<br><br>**2+1= 3**<br><br>**3**<br><br>**3** |
| | | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | **11** | - | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>(क)<br>● लगातार बढ़ती आबादी, बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रकृति का अति दोहन<br>● पेड़–पौधों के अत्यधिक कटाव के कारण पशु-पक्षियों का आश्रय छिनना<br>● मौसम-चक्र में परिवर्तन<br>● बेवक्त की सर्दी-गर्मी, वर्षा, बाढ़-सूखा आदि प्राकृतिक आपदाएँ और नित नए रोग<br>● प्रदूषण की समस्या<br>(किन्हीं तीन बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित)<br>(ख)<br>**कैसे -**<br>● क्रोध का शमन करने हेतु तताँरा द्वारा द्वीप को दो भागों में विभक्त करना<br>● द्वीप के दूसरे भाग को पकड़ने का असफल प्रयास<br>● समुद्र की सतह की ओर फिसलते जाना<br>● तताँरा का लहुलुहान होकर अचेत होना और बह जाना<br>● तताँरा के वियोग में वामीरो का परिवार से विलग होकर लापता हो जाना<br>**परिवर्तन -**<br>● अलग-अलग गाँवों के बीच वैवाहिक संबंध आरंभ होना<br>(ग)<br>**चारित्रिक विशेषताएँ -**<br>● आत्मविश्वास, निडरता, साहस, देशभक्ति, अन्याय के खिलाफ खड़े होने का जज़्बा, बहादुरी, अपने लोगों की फ्रिक तथा सहयोग लेने का तरीका, दूरदर्शिता, नेतृत्व क्षमता, योजनाबद्ध काम करने का तरीका आदि।<br>**किन्हें अपनाएँगे और क्यों -**<br>● मुक्त उत्तर स्वीकार्य<br>● विद्यार्थियों की उचित तार्किक अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन | **2 x 3 = 6**<br><br>**3**<br><br>**2+1= 3**<br><br>**1+1+ 1=3** |
| | | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | - | 11 | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>(क)<br>● धार्मिक प्रवृति के कारण<br>● पर्यावरण के महत्त्व को समझने के कारण<br>**उदाहरण**<br>● दीया-बाती के वक्त फूलों को मत तोड़ो,<br>● सूरज ढले आँगन के पेड़ों से पत्ते मत तोड़ो<br>● दरिया पर जाओ तो उसे सलाम किया करो आदि उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य<br>(ख)<br>**आग्रह क्यों** –<br>● वामीरो के गीत और उसकी मधुर आवाज़ के प्रति सहज रूप से आकर्षित<br>● संभवतः उसके मन में वामीरो के प्रति प्रेमानुभूति का सहज अंकुरण प्रस्फुटित होना<br>**विशेषता -**<br>● हर आग्रह में शालीनता एवं विनम्रता<br>(ग)<br>● कठोर परिश्रम के बाद भी सालाना इम्तिहान में खुद असफल होने और छोटे भाई के कक्षा में अव्वल आने के कारण संकोच वश<br>● लगातार दो साल कक्षा में प्रथम आने पर छोटे भाई के व्यवहार में आए परिवर्तन को समझकर<br>● अपनी सहज बुद्धि के कारण अहसास कि उन्हें छोटे भाई को डाँटने का पहले जैसा अधिकार नहीं | **2 x 3 = 6**<br>**1+2= 3**<br><br>**2+1= 3**<br><br>**3** |
| **12** | **12** | - | - | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>(क)<br>● दुखी –<br>● सांसारिक मनुष्यों की अज्ञानता देखकर<br>● भौतिक सुख-सुविधा व माया-मोह के बंधनों में लिप्त देखकर<br>**जागना प्रतीक है** –<br>● ईश्वर-भक्ति के आनंद का ज्ञान | **2 x 3 = 6**<br><br>**1+1+ 1=3** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | • संसार की नश्वरता और क्षणभंगुरता का ज्ञान<br>**दुख का कारण** –<br>• मुक्त उत्तर स्वीकार्य<br>• विद्यार्थियों की उचित तार्किक अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन<br>(ख)<br>• सहानुभूति, दया, उदारता, त्याग, परोपकार जैसे गुणों से युक्त परहित में जीने-मरने वाले<br>• समस्त विश्व के प्रति समदृष्टि एवं समभाव रखने वाले<br>• बिना किसी भेद-भाव के अपने साथ दूसरों को भी आगे ले वाले।<br>(ग)<br>**क्यों** –<br>• पर्वत के नैसर्गिक सौंदर्य से प्रभावित होकर<br>• पर्वत की महानता और विशालता से प्रभावित होकर<br>**कैसे** –<br>• झर-झर की ध्वनि के साथ तीव्र गति से बहकर | **3**<br><br>**2+1= 3** |
| | - | **12** | - | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>(क)<br>**घर की प्रतीकात्मकता -**<br>• स्वार्थ, अहंकार, अज्ञानता आदि मनोविकार<br>**आशय -**<br>• मनोविकारों से मुक्त होना<br>• स्वस्थ समाज का निर्माण करना<br>(ख)<br>**किस तरह का जीवन व्यर्थ -**<br>• निज हित को सर्वोपरि मानने वाले को<br>**क्यों -**<br>• केवल अपने बारे में सोचना पशु-प्रवृत्ति है।<br>• मानव जीवन की सार्थकता दूसरों के हित चिंतन में ही है।<br>(ग)<br>• झरने का मानवीकरण | **2 x 3 = 6**<br><br>**1+2 =3**<br><br>**1+2= 3**<br><br>**3** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | • झरनों का पानी झागदार<br>• दूर से देखने पर मोती की लड़ियों से सुंदर प्रतीत होना | |
| | - | - | 12 | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>(क)<br>• अहंकार रहित<br>• विनम्र एवं मधुर<br>• सुख और शीतलता प्रदान करने वाली<br>(ख)<br>• जीवन नश्वर है<br>• मृत्यु के भय से मुक्ति<br>• परोपकारी जीवन जीना<br>(ग)<br>**कहाँ** –<br>• शाल के वृक्ष का धरती में धँसे हुए प्रतीत होना<br>**क्यों** –<br>• मूसलाधार वर्षा के भय से<br>• अदृश्यता के कारण | **2 x 3 = 6**<br><br>**3**<br><br>**3**<br><br>**1+2 =3** |
| **13** | **13** | **13** | **13** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>(क)<br>• मुक्त उत्तर स्वीकार्य<br>• विद्यार्थियों की उचित तार्किक अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन<br>(ख)<br>• मुक्त उत्तर स्वीकार्य<br>• विद्यार्थियों की उचित तार्किक अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन<br>(ग)<br>• मुक्त उत्तर स्वीकार्य<br>• विद्यार्थियों की उचित तार्किक अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन | **2 x 3 = 6**<br><br>**3**<br><br>**3**<br><br>**3** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **14** | **14** | **15** | **15** | किसी **एक** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लेखन :<br>● विषय-वस्तु – 3 अंक<br>● भाषा – 1 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक | **1 x 5 = 5** |
| **15** | **15** | **14** | **16** | किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लेखन:<br>● आरंभ व अंत की औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>● विषय-वस्तु – 2 अंक<br>● भाषा – 1 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक | **1 x 5 = 5** |
| **16** | **16** | **16** | **17** | किसी **एक** विषय पर लगभग 80 शब्दों में सूचना लेखन:<br>● विषय-वस्तु – 2 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | **1 x 4 = 4** |
| **17** | **17** | **18** | **18** | किसी **एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में विज्ञापन :<br>● विषय-वस्तु – 1 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | **1 x 3 = 3** |
| **18** | **18** | **17** | **14** | लगभग100 शब्दों में लघुकथा **अथवा** ई-मेल लेखन :<br>लघुकथा लेखन –<br>● विषय-वस्तु – 3<br>● भाषा – 1<br>● प्रभाव – 1<br>**अथवा**<br>ई-मेल लेखन<br>● औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>● विषय-वस्तु – 2 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | **1 x 5 = 5** |